1

चिट्ठी

(कविता)

चिट्ठी में है मन का प्यार,
चिट्ठी है घर का अख़बार।
इसमें सुख-दुःख की हैं बातें,
प्यार-भरी इसमें सौगातें।
कितने दिन कितनी ही रातें,
तय कर आई मीलों पार।
यह आई मम्मी की चिट्ठी,
लिखा उन्होंने "प्यारी किट्टी!
मेहनत से तुम पढ़ना बेटी,
पढ़-लिखकर होगी होशियार।"
पापा पोस्टकार्ड लिखते हैं,
घने-घने अक्षर दिखते हैं।
जब आता है बड़ा लिफ़ाफ़ा,
समझो चाचा का उपहार।
छोटा-सा कागज़ बिन पैर,
करता दुनिया भर की सैर।
नए-नए संदेश सुनाकर
जोड़ रहा है दिल के तार।

शब्द-अर्थ

सौगातें — उपहार *(gift)*, घने-घने — पास-पास *(near)*,
सैर — घूमना *(walk)*, संदेश — सूचना *(news)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए—

चिट्ठी	सौग़ातें	होशियार	पोस्टकार्ड
लिफ़ाफ़ा	संदेश	कागज़	अक्षर

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए—

(क) कवि ने घर का अख़बार किसे कहा है?

(ख) बड़े लिफ़ाफ़े में क्या-क्या आता है?

(ग) चिट्ठी दिलों के तार कैसे जोड़ती है?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए—

(क) चिट्ठी में लिखी होती हैं—

☐ सुख की बातें ☐ दुःख की बातें
☐ प्यार भरी सौग़ातें ☐ सभी

(ख) पैर न होने पर भी दुनिया-भर की सैर कर लेती है—

☐ चिट्ठी ☐ डाकिया
☐ डाकपेटी ☐ डाकघर

(ग) घने-घने अक्षर लिखते हैं—

☐ चाचा ☐ डाकिया
☐ मम्मी ☐ पापा

2. सही वाक्यों के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए—

(क) चिट्ठी दिलों के तार जोड़ती है। ☐

(ख) चिट्ठी प्लास्टिक की बनी होती है। ☐

(ग) चिट्ठी अपने आप दूसरे के घर पहुँच जाती है। ☐

(घ) चिट्ठी दिलों में नफ़रत पैदा करती है। ☐

3. कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो–

यह आई मम्मी की चिट्ठी,
लिखा उन्होंने, "प्यारी किट्टी!
मेहनत से तुम पढ़ना बेटी,
पढ़-लिखकर होगी होशियार।"

(क) किस की चिट्ठी आई है?

....

(ख) चिट्ठी में क्या लिखा है?

....

(ग) किट्टी होशियार कैसे बनेगी?

....

4. अधिकतम शब्दों में–

(क) चिट्ठी दिलों के तार कैसे जोड़ती है?

....

(ख) 'छोटा-सा कागज़ बिन पैर' के कैसे चल पाता है?

....

(ग) पोस्टकार्ड पर लिखे अक्षर घने क्यों दिखते हैं?

....

भाषा-ज्ञान

1. समान अर्थ वाले शब्द पर गोला बनाओ–

घर	—	वर	गृह	ग्रह	सागर
होशियार	—	घमंडी	ताक़तवर	पहरेदार	समझदार
अक्षर	—	वर्ण	स्वर	संख्या	पीड़ा
उपहार	—	पैगा़म	संवाद	तोहफ़े	सज़ा

2. विलोम शब्द लिखो–

आता	जोड़ ....
छोटा	सुख ....
नए	आई ....

3. समान लय वाले शब्दों के जोड़े बनाकर लिखो–

बातें, चिट्ठी, लिखते, पैर, उपहार, दिखते, सैर, तार, किट्टी, रातें

....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

क्रियात्मक गतिविधि

- आपके दादा जी गाँव में रहते हैं। उन्होंने आपके जन्मदिन पर उपहार भेजा है। उपहार के लाभ बताते हुए धन्यवाद का पत्र लिखो।
- वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट के चलते चिट्ठियों का प्रचलन बहुत कम हो गया है। क्या आप इसे सही मानते हैं? अपने विचार लिखो।
- दिए गए पत्रों के हिंदी अनुवाद देखकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखो–

  नेहरू के पत्र — इंदिरा के नाम

  गांधी के पत्र — पुत्र के नाम

  लिंकन की चिट्ठी — अध्यापक के नाम